# कार्यालय–प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,उत्तर प्रदेश वन निगम, दुद्धी–सोनभद्र

पत्रांक– 1370 / /विज्ञापन/ दिनांक– 07.02.2026

सेवा में,

एम0एम0एडवरटाइजिंग,

वाराणसी।

विषयः–समिति नीलाम दिनांक 13.02.2026 की सूचना का प्रकाशन।

महोदय,

कृपया निम्नलिखित सूचना को समाचार पत्र दैनिक जागरण–वाराणसी संस्करण में दिनांक 08.02.2026 को कम स्थान मे **(Size 5cm*5cm=25 Sq cm में)** केवल एक बार प्रकाशित करने का कष्ट करें। प्रकाशनोपरान्त विज्ञापन बिल सरकारी विभागों हेतु निर्धारित न्यूनतम दरों पर तैयार कर प्रकाशित सामग्री की प्रति सहित दो प्रतियों में इस कार्यालय को भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रकाशित समाचार पत्र की एक–एक प्रति पुष्टि हेतु तुरन्त इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें–

**कार्यालय प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम दुद्धी – सोनभद्र**

डिपों में उपलब्ध प्रकाष्ठ के समिति नीलाम की सूचना– दिनांक 13.02.2026

सर्वसाधारण एवं समस्त केताओं को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश वन निगम, दुद्धी विक्रय प्रभाग के अन्तर्गत मडिहान, राबर्ट्सगंज, एवं मारकुण्डी डिपो में भण्डारित बनोपज का **समिति नीलाम** तथा वाराणसी विकय प्रभाग के अधीनस्थ मऊआईमा डिपों एवं मेजा डिपों में भण्डारित आम, कोमलकाष्ठ, कुकाठ एवं जलौनी का विशेष समिति नीलाम दिनांक **13.02.2026** को प्रातः **11:00** बजे से उत्तर प्रदेश वन निगम के **क्षेत्रीय कार्यालय, उ0प्र0वन निगम, चतुर्थ तल, संगम प्लेस, सिविल लाईन्स, प्रयागराज, उ0प्र0–211001** स्थल पर किया जायेगा एवं उपलब्धता के आधार पर सी–1 लाटों की विक्री की जायेंगी। इच्छुक क्रेतागण निर्धारित तिथि को निर्धारित समय प्रातः 11:00 बजे क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज में उपस्थित होकर बोली दे सकते हैं। निविदा की शर्तें एवं विक्रय सूची उ0 प्र0 वन निगम की वेबसाइट **www.upforestcorporation.co.in** पर भी उपलब्ध हैं।

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक, दुद्धी

(तौफीक अहमद)

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक

उत्तर प्रदेश वन निगम,दुद्धी

पत्रांक– 1370 /समिति नीलाम/ तददिनांकित

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महाप्रबन्धक (विपणन) उत्तर प्रदेश वन निगम लखनऊ।
2. क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश वन निगम, प्रयागराज।
3. प्रभारी अधिकारी कम्प्यूटर सिस्टम, उत्तर प्रदेश वन निगम लखनऊ।
4. विकय अधिकारी, उ0प्र0वन निगम, वाराणसी।
5. समस्त डिपो अधिकारी, दुद्धी विक्रय प्रभाग को व्यापक प्रचार/प्रसार करने हेतु।
6. डिपों अधिकारी, मऊआईमा डिपों एवं मेजा डिपों, उ0प्र0 वन निगम, वाराणसी विकय प्रभाग को व्यापक प्रचार/प्रसार करने हेतु।
7. नोटिस वोर्ड प्रभागीय कार्यालय, दुद्धी।

(तौफीक अहमद)

प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक

उत्तर प्रदेश वन निगम,दुद्धी

Scanned with OKEN Scanner